**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 03 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

लोकसभा ने विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित कर दिया है। लोकसभा में 288 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में जबकि 232 सदस्यों ने विरोध में मतदान किया।

*माननीय सदस्य गण शुद्धि के अध्यधीन मत विभाजन का परिणाम इस प्रकार है। पक्ष में 288, विपक्ष में 232 प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधयेक यथा संशोधित पारित हुआ।*

लोकसभा में 12 घंटे से अधिक समय देर रात तक विधेयक पर चर्चा हुई। इस विधेयक, 2025 का उद्देश्य विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के साथ ही वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन सुव्यवस्थित करना है। विधेयक में मुस्लिम महिलाओं, विशेष रूप से विधवाओं और तलाकशुदा महिलाओं की आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति में सुधार का भी प्रावधान है।विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने इस धारणा को गलत गलत बताया है कि गैर-मुस्लिम वक्फ बोर्ड के कामकाज में हस्तक्षेप करेंगे। श्री रिजीजू ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य किसी की संपत्ति जब्त करना नहीं है।

*यह किसी का जमीन छीनने का कानून नहीं है, राज्य सरकारों को अधिकार दिया गया है कि जो ऑलरेडी रजिस्टर्ड है उसका कोई डिस्प्यूट नहीं है लेकिन जो डिसप्यूटेड हैं जो कोर्ट में पेंडिंग हैं उसको हम यहां कानून बनाकर कैसे हटा सकते हैं।*

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने विपक्ष पर विधेयक के बारे में लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वक्फ में कोई भी गैर-मुस्लिम नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन में किसी गैर-मुस्लिम को शामिल करने का कोई प्रावधान नहीं है।

*सदन के माध्यम से देश भर के मुसलमान भाइयों-बहनों को कहना चाहता हूं आपके वक्फ में एक भी नॉन मुस्लिम नहीं आएगा। ये एक्ट में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। मगर जो वक्फ बोर्ड है और वक्फ परिषद है उसका काम क्या है। वक्फ की सम्पतियां मान्यवर बेच खाने वाले लोगों को पकड़कर इसके बाहर निकालना।*

**************************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात की और हरियाणा में स्वास्थ्य परियोजनाओं से संबंधित चर्चा की। इस अवसर पर केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन , योजना तथा कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी उनके साथ रहे।कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि उन्होंने प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने में सहयोग बढ़ाने का अनुरोध किया।बाद में मीडिया से बातचीत में कुमारी आरती सिंह राव ने केंद्र सरकार द्वारा नए वक़्फ़ बोर्ड में महिलाओं को शामिल किये जाने पर ख़ुशी ज़ाहिर करते हुए कहा कि इससे महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने बताया कि अब वक्फ बोर्ड में शिया, सुन्नी और महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वक्फ का मामला धर्म से नहीं, बल्कि संपत्ति की सुरक्षा से जुड़ा है इसमें ग़रीब तबके के लोगों और महिलाओं की भागीदारी से मुसलमान बहन -भाइयों के हित में कल्याणकारी कदम उठाने में मदद मिलेगी।

***************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के मौके पर हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री उसी दिन यमुनानगर में दीनबंधु चौधरी छोटूरामताप ऊर्जा संयंत्र में 800 मेगावाट की नई इकाई का नींव पत्थर भी रखेंगे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान सुरक्षा और सफाई के पुख्ता प्रबंध करने और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा, लोगों के लिए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने को कहा है।

************************************************************************

पलवल की अनाज मंडी में गेहूं की खरीद सुचारू ढंग से जारी है। मार्किट कमेटी के सचिव मनदीप सिंह ने आज बताया कि मंडी में खाद एवं आपूर्ति और वेयर हाऊस द्वारा अभी तक लगभग 20 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है।उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन पर की जा रही है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि मंडी में फसल को सुखाकर लाए ताकि किसानों को गेहूं का समर्थन मूल्य मिल सके।

***************************************************************************

हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति व बहुरंगी सांस्कृतिक आयामों पर केन्द्रित "हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025" कल परसों तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव का शुभारंभ हरियाणा के युवा सशक्तिकरण और खेल मंत्री गौरव गौतमकल करेंगे जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महोत्सव के समापन सत्र तथा पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।प्रसिद्ध अभिनेता राजकुमार राव समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे। विश्वविधालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह भी दोनों कार्यक्रमों में बतौर विशिष्ट अतिथि रहेंगे।इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव में तीन मास्टर क्लास होंगी जिनके विषय "स्क्रिप्ट टू सिनेमा", "हरियाणवी संस्कृति के विकास में गीत संगीत की

भूमिका" तथा "क्षेत्रीय सिनेमा का महत्व व विकास क्यों जरूरी" रहेंगे। इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव में लघु फिल्मों तथा वृत्त चित्र की प्रतियोगिता भी होगी। विविध विषयों पर लघु फिल्मों, वृत्त चित्रों को उनकी समीक्षा एवं मूल्यांकन उपरांत पुरस्कार के लिए चुना जाएगा। चुनी गयी फिल्मों के लिए 5 अप्रैल को पुरस्कार दिए जाएंगे।